दिनांक 20.02.2019

विधायक देवेंद्र ने उठाया हुडको की लीज व रजिस्ट्री का मुद्द उठाया

भिलाईनगर/ भिलाई शहर के हुडको में रह रहे लोगों की सबसे बड़ी समस्या लीज व रजिस्ट्री की है। इस समस्या का समाधान करने के लिए भिलाई नगर विधायक देेवेंद्र यादव ने विधानसभा में प्रमुखता से सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हुडको क्षेत्र में रह रहे करीब 2000 हजार परिवार लंबे समय से अपनी जमीन मकान का रजिस्ट्री करने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन आज तक उनका ना रजिस्ट्री हो पाई और न ही लीज मिल पा रहा है। इस पर विधायक देवेंद्र यादव ने विधानसभा में कहा कि 15-7-2008 के बाद हुडको क्षेत्र की 70 हेक्टेयर भूमि राज्य शासन को प्रदान कर दी गई थी। पहले राज्य शासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस लिए वहां के रहवासी काफी परेशान है। ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष से प्रश्न करते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने प्रश्न किया कि बीते कई सालों से हुडको क्षेत्र में निगम द्वारा जो भी विकास कार्य किया जा रहा है। सड़क , नाली आदि इनफ्रास्ट्रक्चर बनाया गया है। क्या उसे निगम को हस्तांतरित किया जाएगा क्या।

इन प्रश्न का जवाब देते हुए नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया ने कहा कि हस्तांत्रण का मुद्दा ही अलग है। यदि बीएसपी चाहे तो दे सकती है। क्योंकि कालोनी उसकी है। जब बीएसपी वहां सुविधा नहीं दे पाता तो हमें मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का काम करना पड़ता है। हमारे विधायक दल , पार्षदों ने भी मांग किया है पहले। इस लिए हम लोग ये काम को करते हैं। हस्तांत्रण के लिए अगर वे करना चाहे तो हमे कोई दिक्कत नहीं है। उसे दिखवा लेंगे रही बात नजूल की तो कोई प्रकरण नहीं आया है। उसे दिखवा लेंगे। इस संबंध में अंत में विधानसभा अध्यक्ष ने देवेंद्र यादव को कहा कि वे मंत्री शिव डहरिया से समय लेकर यह कितनी गंभीर समस्या है। उसे बैठक कर चर्चा कर ले। विधायक देवेंद्र यादव द्वारा विधानसभा में लीज व रजिस्ट्री के मुद्दे को उठाने के बाद से अब आने वाले दिन में जल्द ही यह समस्या का निदान होने की उम्मीद जगी है।

विधायक देवेंद्र ने प्रश्न - उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से सवाल किया कि भिलाई के हुडकों क्षेत्र में बीएसपी बीते करीब 10 साल से जल आपूर्ति का काम कर रही है। क्योंकि वह नजूल की जमीन है। ऐसे में बीएसपी यदि जल का पैसा मांगती है तो सरकार पैसा देगी क्या।

विधायक देवेंद्र के प्रश्न का जवाब देते हुए नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया ने कहा कि हुडको जो हैं वह अरबन हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा भिलाई स्टील प्लांट ले बनाया था। 2008 में। लेकिन बीएसपी वहां पर जो रहवासी है उनके लिए नाली , बिजली, पानी,सड़क आदि का काम ठीक से नहीं कर पाते। ऐसे में हमारे जनप्रतिनिधियों द्वारा मांग करते हैं कि हमारे नाली सफाई होनी चाहिए। बिजली का मेंटेनेशन होना चाहिए। साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। तो राज्य शासन ने बीएसपी को नगरीय निकाय के माध्यम से 30 अक्टूबर 2006 में मांगा था। ताकि वहां मूलभूत सुविधाओं के लिए काम किया जा सके। लेकिन बीएसपी ने उस समय नहीं दिया और 2014 में नगरीय निकाय हुडको बीएसपी क्षेत्र में काम कर रही है। तब से लेकर आजतक नगरीय निकाय के माध्यम से बीएसपी के क्षेत्र में 528 करोड़ का काम किया जा चुका है। अभी वहां स्थिति ठीक है। उसमें भी कोई दिक्कत नहीं है। शिव हडरिया ने कहा कि हुडको आमदी नगर क्षेत्र नजूल की जमीन नहीं है। वहां जो मकान बना है, उसका परपस बदल गया है और वह अब आवासी जगह है। उसमें भी कोई दिक्कत नहीं है। यदि बीएसपी हमसे पैसा मांगती है तो उसे जवाब दे दिया जाएगा। कालोनी उसी की है और हमारा काम सिर्फ मेनटेनेशन है। कालोनी बीएसपी का ही है तो पेयजल आपूर्ति के लिए हमसे पैसा क्यों मांगेगी।